6वीं वार्षिक रिपोर्ट

2014-15

INFRA & SERVICES

वार्षिक रिपोर्ट 2014-15

विषय-सूची

विवरण	पृष्ठ सं.
सामान्य	
वार्षिक आम बैठक की सूचना	
निदेशक की रिपोट	
फॉर्म एमजीटी-59 में वार्षिक रिटर्न का उद्धरण	
फॉम एओसी-2 मे संबंधित पक्षो के साथ संविदाओ और व्यवस्थाओ का विवरण	
प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोट	
कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट	
तुलन पत्र	
लाभ और हानि का विवरण	
रोकड़ प्रवाह विवरण	
लेखाकरण की महत्वपूर्ण नीतियाँ-नोट सं.1	
प्रकटनों सहित लेखों में टिप्पणियां -नोट सं. 2 से 51	
लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट	
नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	

निदेशक मंडल

हितेश खन्ना	सुरजीत दत्ता
अनिल जैन	ए.के.गोयल

(अंशकालीन निदेशक)

पंजीकृत कार्यालय

प्लाट सं. -सी 4,
डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत,
नई दिल्ली-110017

मुख्य प्रबंधन कार्मिक

मुख्य कार्यपालक अधिकारी	:	सी.के.नैय्यर
मुख्य वित्त अधिकारी	:	अनिकेत खेत्रपाल
कंपनी सचिव	:	दीपशिखा गुप्ता

सांविधिक लेखापरीक्षक

आरएसपीएच एंड एसोसिएट्स
सनदी लेखाकार
906, विक्रम टावर, 16 राजेन्द्र प्लेस,
नई दिल्ली - 110008

मुख्य बैंक

इंडियन ओवरसीज बैंक
एचडीएफसी बैंक

अध्यक्ष का भाषण

गणमान्य शेयरधारकों,

इरकॉन आईएसएल की छठी वार्षिक आम बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष का अनुभव हो रहा है। 31 मार्च, 2015 को समाप्त वित्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट सहित निदेशक की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वार्षिक लेखे तथा लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पहले ही आपको उपलब्ध कराई गई है और मैं मानता हूं कि आपने उन्हें देख लिया होगा।

आरंभ में, मैं कंपनी के कार्य निष्पादन के ब्यौरे को संक्षिप्त रुप में आपके समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूं।

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान, आपकी कंपनी में प्रचालनिक राजस्व में पिछले वर्ष की तुलना में 17% की वृद्धि हुई है जो 36.39 करोड़ रुपए हो गया है और कुल राजस्व 41.51 करोड रुपए है जो पिछले वर्ष से 30 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने 20.29 करोड़ रुपए का कर पूर्व लाभ प्राप्त किया है जो कि 51% प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी को 10.93 करोड़ रुपए का कर पश्चात लाभ प्राप्त हुआ है।

प्रचालनिक विशेषता

आपकी कंपनी चौबीस (24) चिह्नित रेलवे स्टेशनों पर बहुउद्देशीय परिसरों (एमएफसी) के विकास के लिए रेल मंत्रालय की परियोजना को निष्पादित किया था । इन सभी स्टेशनों के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है।

कंपनी नें, हुबली, कन्नूर, मैसूर, बर्धमान, हैदराबाद, बिलासपुर, जम्मू, उदयपुर, हरिद्धार आदि 19 बहुउद्देशीय परिसरों को तीसरे पक्षों को उप-पट्टे पर दे दिया है। इन 19 बहुउद्देशीय परिसरों में से 11 बहुउद्देशीय परिसर प्रचालनिक हो गए हैं यथा हरिद्धार, ग्वालियर, उदयपुर, रायपुर, कानपुर, हुबली, बर्धमान आदि।

इलाहबाद और उदयपुर में बहुउद्देशीय परिसरों का उद्घाटन माननीय रेल राज्य मंत्री द्वारा किया गया था और ग्वालियर में बहुउद्देशीय परिसर का उद्घाटन माननीय इस्पात एवं खनिज मंत्री द्वारा किया गया था।

इरकॉन आईएसएल ने म्यामार के तमु-कलेवा खंड में 71 पुलों के निर्माण के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए विदेश मंत्रालय से परमार्शदात्री परियोजना भी प्राप्त की थी। वर्ष के दौरान, दिनांक 20.02.2015 को विदेश मंत्रालय को इस संबंध में अंतिम व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

आपकी कंपनी को विदेश मंत्रालय से एक अन्य परामर्श परियोजना भी प्राप्त हुई थी, जो म्यांमार के रखिने राज्य में मोंगटाव-अलेथनाक्याव रोड के लिए डीपीआर तथा व्यवहार्यता अध्ययन तैयार करने के लिए म्यांमार गणराज्य के लिए थी। इस करार पर दिनांक 22 अगस्त 2015 को हस्ताक्षर किए गए थे।

आपकी कंपनी ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल), भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (आईआरईडीए), साउथ इस्ट कोल फील्ड लिमिटेड (एसईसीएल) तथा पावर फाइनांस कॉर्पोरेशन (पीएफसी)जैसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए *स्वच्छ भारत अभियान* के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के प्रावधान का कार्य पूरा किया है। इस कार्य को 15/08/2015 से पूर्व पूरा कर लिया गया है।

निगमित शासन

आपकी कंपनी निगमित शासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के इष्टतम प्रयास कर रही है। कंपनी का दर्शन व्यवसाय के नैतिक आचरण को संवर्धित करने के लिए अपने संव्यवहारों में पारदर्शिता को सुनिश्चित करना और लागू नियमों, कानूनों और विनियमों का अनुपालन करना है। सार्वजनिक उद्यम विभाग के सीपीएसई हेतु निगमित शासन पर दिशानिर्देशों के पैरा 8.3 के अंतर्गत तिमाही अनुपालन रिपोर्ट संबंधित मंत्रालय (मंत्रालयों)/विभाग (विभागों) को भेजी गई है। आवश्यक विवरण प्रारुपों को उपलब्ध कराते हुए निगमित शासन पर एक पृथक भाग को निदेशक की रिपोर्ट का भाग बनाया गया है।

आभारोक्ति

निदेशक मंडल और कंपनी की ओर से मैं रेल मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए), तथा अपनी धारक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड तथा शेयरधारकों का भी, उनके निरंतर सहयोग तथा मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद करना चाहता हूं। मैं कंपनी के कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना करता हूं, जो हमारी सर्वाधिक मूल्यवान संपत्ति हैं। उनका समर्पण, विवेक, कड़ी मेहनत और मूल्यों की गहन भावना कंपनी को प्रगति की ओर अग्रसर करने की कुंजी है। अंत में मैं, अपने ग्राहकों, वेंडरों तथा साझेदारों को उनके विश्वास और सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं।

हितेश खन्ना
(अध्यक्ष)
(डीआईएन 02789681)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : .11.2015

इरकॉन आईएसएल के गणमान्य शेयरधारकों,

आपकी कंपनी के निदेशकों को वर्ष 2014-15 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों, लेखापरीक्षा रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की समीक्षा सहित कंपनी की छठी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष का अनुभव हो रहा है।

प्रचालन निष्पादन

क. आपकी कंपनी ने भारतीय रेल प्रणाली के प्रयोक्ताओं के लिए सुख-सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चिह्नित रेलवे स्टेशन परिसरों में रेल मंत्रालय के लिए बहु-उद्देशीय परिसरों के विकास का कार्य आरंभ किया था। 24 स्टेशनों पर निर्माण (वॉर्म शेड) कार्य आरंभ हो गया था और ये स्टेशन हैं एल्लेप्पी, बर्धमान, दिघा, हरिद्वार, इंदौर, रामपुरहाट, रायपुर, सिलिगुड़ी, मदुरै, मैसूर, उदयपुर, इलाहबाद, बिलासपुर, ग्वालियर, हैदराबाद, हुबली, जबलपुर, जोधपुर, कन्नूर, राजगीर, तारापीठ, तिरुवल्ला, जम्मू (बजट होटल सहित एमएफसी) तथा जम्मू एएफसी (छोटा)। सभी स्टेशनों पर कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

दिनांक 04.07.2013 को रेल भूमि विकास प्राधिकरण के साथ "भारतीय रेल भूमि पर बहु-उद्देशीय परिसरों के नियोजन, अभिकल्प, विकास, प्रचालन और अनुरक्षण" के लिए पट्टा करार पर हस्ताक्षर करने के पश्चात, इरकॉन आईएसएल ने 19 बहुउद्देशीय परिसरों को सफलतापूर्वक उप-पट्टे पर दे दिया है। वर्ष 2014-15 के दौरान, आपकी कंपनी ने 12 बहुउद्देशीय परिसरों यथा रामपुरहाट, राजगीर, रायपुर, जम्मू, उदयपुर, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, जोधपुर, हरिद्वार, मदुरै तथा तिरुवल्ला को उप-पट्टे पर दे दिया है।

वर्ष की समाप्ति के पश्चात, 11 बहुउद्देशीय परिसरों को प्रचालनिक किया गया है जिनमें होटलों सहित 6 बहुउद्देशीय परिसर भी शामिल हैं, जिनके नाम हैं हरिद्वार, ग्वालियर, उदयपुर, रायपुर, कन्नूर, हुबली, और दुकानों व फूड प्लाजा वाली यात्री सुविधाओं वाले 5 बहुउद्देशीय परिसर यथा बर्धमान, हैदराबार, रामपुरहाट, बिलासपुर और थिरुपल्ली शामिल हैं। इलाहबाद और उदयपुर में बहुउद्देशीय परिसरों को माननीय रेल राज्य मंत्री द्वारा सफलतापूर्वक आरंभ किया गया था और ग्वालियर के बहुउद्देशीय परिसर का उद्घाटन माननीय इस्पात एवं खनिज मंत्री द्वारा किया गया था।

शेष बहुउद्देशीय परिसरों यथा तारापीठ, एलेप्पी, दिघा, सिलिगुढी तथा जम्मू (लघु) को उप-पट्टे पर दिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ख. इरकॉन आईएसएल ने म्यामार में कलादन बहु-मॉडल ट्रांजिट परियोजना के पलेटवा से भारत-म्यामार सीमा तक सड़क भाग का डीपीआर तैयार करने हेतु विदेश मंत्रालय के लिए परामर्श का कार्य निष्पादित किया है। इरकॉन आईएसएल ने म्यामार के तमु-कलेवा खंड में 71 पुलों के निर्माण के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए विदेश मंत्रालय से परमार्शदात्री परियोजना भी प्राप्त की थी। वर्ष 2014-15 के दौरान, दिनांक 20.02.2015 को विदेश मंत्रालय को इस संबंध में अंतिम व्यवहार्यता रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

विदेश मंत्रालय ने 24.07.2014 को म्यामार में रीह से तिड्डिम तक एकल लेन कैरेज-वे चौडाई वाले 2 लेन फार्नेशन की 60 किमी लंबी मौजूदा बैलगाडी़ मार्ग के स्तरोन्नयन के लिए डीपीआर को तैयार करने हेतु परामर्श सेवाओं का कार्य भी प्रदान किया था और इस संबंध में दिनांक 30.07.2014 को करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। दिनांक 01.12.2014 को विदेश मंत्रालय को आरंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। विदेश मंत्रालय को संरेखण विकल्पों सहित मसौदा व्यवहार्यता रिपोर्ट दिनांक 20.02.2015 को प्रस्तुत की गई थी। नय पई तव मे दिनांक 21.07.2015 को माननीय निर्माण मंत्री, म्यामार सरकार के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी और तत्पश्चात दिनांक 22.07.2015 को निर्माण मंत्री (म्यामार सरकार) द्वारा एक संरेखण को अनुमोदन प्रदान किया गया था।

वर्ष की समाप्ति के पश्चात, इरकॉन आईएसएल को म्यांमार के रखीने राज्य मे मौंगटव-एलेथंक्याव सड़क के लिए डीपीआर रिपोर्ट तैयार करने तथा व्यवहार्यता अध्ययन के लिए म्यांमार गणराज्य के निर्माण मंत्रालय से एक अन्य कार्य भी प्राप्त हुआ था। इस कार्य के लिए दिनांक 22 अगस्त, 2015 को हस्ताक्षर किए गए थे।

ग. इरकॉन आईएसएल द्वारा श्रीलंका और मलेशिया में इरकॉन की परियोजनाओं के लिए "श्रमशक्ति आपूर्ति" का कार्य किया जा रहा है और इसके लिए इरकॉन के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्ष 31 मार्च 2015 को 30 कर्मचारी श्रीलंका में तथा 35 कर्मचारी मलेशिया मे कार्यरत है। वर्ष 2014-15 के दौरान 79 कर्मचारियों को श्रीलंका से तथा 1 कर्मचारी को मलेशिया से प्रत्यावर्तित किया गया। वर्ष की समाप्ति के पश्चात इरकॉन आईएसएल ने मलेशिया में 02 कर्मचारियों को तैनात किया है और श्रीलंका से 03 कर्मचारियों को वापस बुलाया था।

घ. आपकी कंपनी श्रीलंका परियोजना के लिए इरकॉन के लिए "मशीनरी पट्टाकरण" का कार्य भी कर रही है। इरकॉन आईएसएल ने दिनांक 22.11.2013 को श्रीलंका में इरकॉन की परियोजना के लिए 'डोमेटिक टेंपिंग मशीन' संस्थापित की है और यह मशीन श्रीलंका में इरकॉन की परियोजना के लिए प्रचालनरत है। इसके अतिरिक्त, रेलवे बोर्ड द्वारा इरकॉन आईएसएल को पुरानी रेलपथ मशीनों को बेचने के लिए आदेश जारी किए गए थे। इन मशीनों की आवधिक ओवरहॉलिंग और अनुरक्षण के पश्चात इन्हें तीसरे पक्षों के साथ भारत में तैनात किया जाएगा।

ड. कंपनी की वर्तमान गतिविधियां अवसंरचनात्मक परियोजनाओं और इससे संबंधित क्षेत्रों में परामर्श से संबंधित हैं। इन गतिविधियों के अतिरिक्त, इरकॉन आईएसएल विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र

के उपकमों की ओर से सीएसआर परियोजनाओं के निष्पादन के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आपकी कंपनी ने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कार्य किया है। इरकॉन आईएसएल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 26.11.2014 को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 13.01.2015 को अक्षय उर्जा विकास एजेसी लिमिटेड के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 28.03.2015 को साउथ ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

वर्ष की समाप्ति के पश्चात, सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 22.05.2015 को पावर फाइनांस कॉर्पोरशन के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। वर्ष 2014-15 के दौरान आपकी कंपनी द्वारा आरंभ किए गए तथा सफलतापूर्वक पूरे किए गए उपर्युक्त सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए स्वच्छ भारत अभियान का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है, जिन्हें 15 अगस्त 2015 से पूर्व पूरा कर लिया गया था।

पीएसयू का नाम	राज्य	निर्मित शौचालयों की संख्या	परियोजना लागत (लगभग करोड़ में)
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पीजीसीआईएल)	बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश	2,011	10.95
भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड आईआरईडीए)	हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ	531	5.10
पावर फाइनांस कॉर्पोरशन (पीएफसी)	राजस्थान	525	25.97
साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (एसईसीएल)	छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश, ओडीशा	1,647	23.57

च. धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड ने इरकॉन आईएसएल को जम्मू में ईएमपी (पर्यावरण प्रबंधन नियोजन) प्रयोगशाला सौंप दी है। इस प्रयोगशाला को नवंबर, 2013 के अंतिम सप्ताह में प्रचालनिक किया गया था। परियोजना प्राधिकारियों की अपेक्षाओं के अनुसार नियमित

आधार पर जल, वायु तथा ध्वनि संबंधी अनेक परीक्षण किए जा रहे हैं। अक्तूबर, 2014 में प्रत्यायन के लिए आवेदन एनएबीएल के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसके पश्चात, ईएमपी प्रयोगशाला का प्री-ऑडिट किया गया था और उसे सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया। ईएमपी प्रयोगशाला का अंतिम ऑडिट भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया था और अंतिम एनएबीसी मान्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है, जिसके पश्चात ईएमपी प्रयोगशाला संभावित ग्राहकों के लिए विभिन्न परीक्षण करने के लिए पूर्णत प्रचालनिक हो जाएगी।

वित्तीय विशेषताएं

31.03.2014 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की वित्तीय निष्पादन के कुछ महत्वपूर्ण संकेतक निम्नानुसार हैं :

वित्तीय निष्पादन संकेतक

(रुपए करोड़ में)

क्रम सं0	विवरण	2014-15	2013-14
1.	प्राधिकृत शेयर पूंजी	65.00	40.00
2.	अंशदायी तथा प्रदत्त शेयर पूंजी	40.00	40.00
3.	शेयर आवेदन राशि लंबित आवंटन	25.00	-
4.	आरक्षित निधि व अधिशेष	23.11	12.19
5.	प्रगतिरत पूंजीगत कार्य	0.90	29.16
6.	कुल राजस्व	41.51	31.99
7.	प्रचालनों से राजस्व	36.39	31.08
8.	कर पूर्व लाभ	20.29	13.41
9.	कर पश्चात लाभ	10.93	7.66
10.	निवल संपत्ति	88.11	52.19
11.	प्रति शेयर आमदनी(रु.)	2.73	1.92

प्रचालनों से राजस्व

प्रचालनों से राजस्व में वृद्धि हुई है जो 31.08 करोड़ रुपए से बढ़ कर 36.39 करोड़ रुपए हो गया है। कर पश्चात लाभ भी बढ़ कर 7.66 करोड़ रुपए से 10.93 करोड़ रुपए हो गया है।

शेयर पूंजी

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान कंपनी की प्राधिकृत शेयर पूंजी को 40 करोड़ रुपए से बढाकर 65 करोड़ रुपए (23 फरवरी, 2015 से) कर दिया गया है। वित्त वर्ष की समाप्ति के पश्चात, कंपनी की प्राधिकृत अंशदायी तथा प्रदत्त शेयर पूंजी को भी 40 करोड़ रुपए से बढाकर 65 करोड़ रुपए (25.5.2015 से) कर दिया गया है, जो 100% इरकॉन द्वारा धारित है।

अरक्षित ऋण

कंपनी ने वर्ष के दौरान इरकॉन से 6.50 करोड़ रुपए का ऋण लिया है। आरंभिक शेष 48.15 करोड़ रुपए है। वर्ष के दौरान 23.15 करोड़ रुपए का पुनर्भुगतान किया गया है और 31 मार्च 2015 को बकाया ऋण 31.50 करोड़ रुपए है। ऋण पर 5.61 करोड़ रुपए के ब्याज का भुगतान किया गया /देय है।

लाभांश

लाभों को विकास कार्य में पुनः लगाने के लिए, निदेशक वर्ष 2014-15 के लिए किसी प्रकार के लाभांश का प्रस्ताव नहीं कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी स्तरोन्नयन, ऊर्जा संरक्षण, अनुसंधान एवं विकास आदि

पर्यावरण पर समान तीव्रता के साथ बल दिया जा रहा है। वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को बहुउद्देशीय परिसरों में ग्रीन बिल्डिंग के व्यवहारिक तत्वों को शामिल करके पूरा किया गया था।

विदेशी विनिमय अर्जन तथा निर्गम

इरकॉन की श्रीलंका और मलेशिया परियोजनाओं के लिए मानव शक्ति की आपूर्ति तथा श्रीलंका परियोजना के लिए संयंत्र और मशीनरी को पट्टे पर दिये जाने के कारण वर्ष 2014-15 में शुद्ध विदेशी विनिमय आमदनी 20.61 करोड़ रुपए है ।

कार्मिक

31 मार्च, 2015 को कंपनी की कुल श्रमशक्ति संख्या 80 कर्मचारी हैं जिसमें इरकॉन की श्रीलंका परियोजना के लिए कंपनी द्वारा नियुक्त 30 ठेके के कर्मचारी तथा मलेशिया परियोजना के लिए कंपनी द्वारा नियुक्त 35 ठेके के कर्मचारी शामिल हैं।

31 मार्च 2015 के पश्चात, कंपनी ने इरकॉन की परियोजना के लिए मलेशिया में 02 कर्मचारी को तैनात किया और श्रीलंका से 03 कर्मचारियों को वापस बुलाया गया था। वर्ष 2015-16 के दौरान, एक डीजीएम/सिविल और एक सहायक प्रबंधक/सिविल ने इरकॉन से प्रतिनियुक्ति पर कार्यभार ग्रहण किया है। कंपनी के 09 कर्मचारी इरकॉन से सेकेंडमेंट आधार पर हैं। भारतीय परियोजनाओं तथा निगमित कार्यालय में 18 कर्मचारी ठेके पर हैं और सेवा ठेका आधार पर तैनात हैं।

इरकॉन से प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के कार्मिक विकास से संबंधित मुद्दों पर इरकॉन द्वारा धारक कंपनी के रुप में कार्रवाई की जा रही है।

जिन कर्मचारियों की नियुक्त कंपनी द्वारा की गई है और जिन्हें ठेके पर श्रीलंका परियोजना और मलेशिया परियोजना में तैनात किया गया है, उनकी व्यवस्था कंपनी कर रही है।

अनुपालन

राष्ट्रपति के निर्देश

वर्ष के दौरान राष्ट्रपति का कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है।

समझौता ज्ञापन

आपकी कंपनी ने केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसई) के लिए डीपीई के समझौता ज्ञापन दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए पहली बार मार्च 2014 के दौरान वर्ष 2014-15 के लिए धारक कंपनी इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए हैं। वर्ष 2015-16 के लिए धारक कंपनी, इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए थे।

कर्मचारियों का विवरण

कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति तथा पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2)के साथ पठित अनुच्छेद 134 (3) के अनुसार वर्ष 2014-15 के दौरान किसी भी कर्मचारी ने प्रति वर्ष 60 लाख रुपए या अधिक या प्रति माह 5 लाख रुपए या अधिक का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं किया है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी के अपील प्राधिकारी, केन्द्रीय जन-सूचना अधिकारी तथा सहायक जन-सूचना अधिकारी के नामों सहित आवश्यक अद्यतन सूचना कम्पनी की वेबसाइट में डाल दी गई हैं । प्राप्त शिकायतों का उत्तर निर्धारित समय-सीमा के भीतर दिया जाता है। वर्ष के दौरान कंपनी को केवल सात शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिसका उत्तर संतोषजनक रुप से दे दिया गया है। वर्ष की समाप्ति के पश्चात, एक शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर भी समय-सीमा के भीतर उत्तर दे दिया गया है।

सूचना प्रौद्योगिकी

कंपनी की अपनी वेबसाइट http://www.irconisl.com उपलब्ध है जिसमें कंपनी का प्रोफाइल, परियोजनाएं, वार्षिक रिपोर्टें, निविदाएं, सम्पर्क ब्यौरा आदि उपलब्ध कराया गया है। वर्ष के दौरान परियोजनाओं, वार्षिक रिपोर्टों, निविदाओं, संविदाओं, आरटीआई, संपर्क ब्यौरा आदि को अद्यतन किया गया था। आरटीआई के अंतर्गत नए टैब को शामिल किया गया है। यह वेबसाइट धारक कंपनी की वेबसाइट www.ircon.org के साथ भी लिंक है।

वार्षिक रिटर्न का सार

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92(3) तथा अनुच्छेद 134 (3) के अनुसार, फार्म सं. एमजीटी-9 में वार्षिक रिटर्न का सार निदेशक की रिपोर्ट का भाग है और इसे अनुबंध ''क'' के रुप में संलग्न किया गया है।

अनुच्छेद 188 के अंतर्गत संबंधित पक्षों के साथ संविदाओं या व्यवस्थाओं का विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत कंपनियों के लेखों से संबंधित अध्याय IX के अंतर्गत निर्धारित नियम के फार्म एओसी-2 में निर्धारित अनुसार अनुच्छेद 188 (1) के अंतर्गत संबंधित पक्षों के साथ संविदाओं या व्यवस्थाओं के विवरण को अनुबंध ''ख'' में प्रस्तुत किया गया है।

एकीकृत रिपोर्ट

''प्रबंधन विचारविमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट'' तथा ''निगमित शासन रिपोर्ट'' इस निदेशक रिपोर्ट का अभिन्न अंग हैं और इन्हे कमशः अनुबंध ''ग'' तथा अनुबंध ''घ'' में प्रस्तुत किया गया है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134 (3)(ग) के अंतर्गत अपेक्षित अनुसार निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 134 (5)के अनुसार, कम्पनी का निदेशक मंडल यह पुष्टि करता है किः-

क) वार्षिक लेखे तैयार करने में सामग्री विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण सहित लागू लेखाकरण मानकों का पालन किया गया है ।

ख) निदेशकों द्वारा ऐसी लेखाकरण नीतियों का चयन किया गया है और निरन्तर लागू किया गया है और ऐसे निर्णय लिए और अनुमान तैयार किए गए थे जो तर्कसंगत और विवेकपूर्ण थे ताकि 31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी की कार्य स्थिति तथा वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी के लाभ का सही एवं वास्तविक चित्र प्रस्तुत हो सके ।

ग) निदेशकों द्वारा परिसंपतियों की सुरक्षा करने तथा छल-कपट और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण अभिलेखों के पर्याप्त रख-रखाव के लिए उचित एवं पर्याप्त सावधानी बरती गई है ।

घ) निदेशकों द्वारा 31 मार्च 2015 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखे ''निरंतर'' आधार पर तैयार किये गये हैं ।

ड.)निदेशकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं कि सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन किया जाए और कि इस प्रकार की प्रणालियां पर्याप्त और प्रभावपूर्ण रुप से प्रचालनिक थीं।

निदेशक मंडल तथा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

अप्रैल, 2014 से मार्च, 2015 के दौरान निदेशक मंडल की छह बैठकें आयोजित की गईं। मार्च 2015 को समाप्त तिमाही में तीन बैठकें तथा जून 2014, सितंबर 2014 और दिसंबर 2014 को समाप्त तिमाही में एक-एक बैठक आयोजित की गई।

आज की तारीख को निम्न निदेशक कार्यरत हैं :

1.	श्री हितेश खन्ना (डीआईएन 02789681)	11.03.2011 से आगे
2.	श्री अनिल जैन (डीआईएन 05283217)	10.05.2012 से आगे
3.	श्री सुरजीत दत्ता (डीआईएन 06687032)	01.09.2013 से आगे
4.	श्री ए.के.गोयल (डीआईएन 05308809)	01.12.2013 से आगे

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 203 के प्रावधानों, जो 1 अप्रैल, 2014 को प्रभावी हुए हैं, के अनुसरण में कंपनी के प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के रुप में श्री सी.के. नैय्यर, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अनिकेत खेत्रपाल, मुख्य वित्त अधिकारी तथा सुश्री दीपशिखा गुप्ता, कंपनी सचिव की नियुक्तियां की गई थीं।

बोर्ड स्तरीय समितियां

कंपनी में निम्नलिखित बोर्ड समितियां विद्यमान हैंः

1. लेखापरीक्षा समिति
2. निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति
3. नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति

लेखापरीक्षा समिति, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व समिति तथा नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति की संरचना से संबंधित ब्यौरे को निगमित शासन रिपोर्ट में शामिल किया गया है, जो इस रिपोर्ट का भाग है।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 135 के अनुसार सीएसआर के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं हैं, क्योंकि भारत में प्रचालन से कंपनी का निवल लाभ 5.00 करोड़ रुपए से कम है।

लेखापरीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वर्ष 2014-15 के लिए कंपनी के लेखों की लेखापरीक्षा हेतु आरएसएचपी एंड एसोसिएट्स, सनदी लेखाकारों को सांविधिक लेखापरीक्षकों के रुप में नियुक्ति किया था। कंपनी के लेखों पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के संबंध में कोई प्रतिकूल टिप्पणियां, अवलोकन या आरक्षण नहीं हैं।

आभारोक्ति

हम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड, आपकी (धारक कंपनी) तथा रेल मंत्रालय, रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए), विदेश मंत्रालय तथा अन्य मंत्रालयों को उनके सहयोग के लिए तथा कर्मचारियों को भी कंपनी को प्रगति की ओर अग्रसर करने के लिए प्रशंसा एवं धन्यवाद करते हैं।

निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से

ह0/-
(हितेश खन्ना)
अध्यक्ष
(डीआईएन 02789681)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2015

अनुबंध-क

फॉर्म सं. एमजीटी-9

वार्षिक रिटर्न का सार
31 मार्च 2015 को समाप्त वित्त वर्ष को
[कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 92(3) तथा कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम, 2014
के नियम 12(1)के अनुसरण में]

I. पंजीकरण और अन्य ब्यौराः

सीआईएन	यू 45400डीएल2009जीओआई194792
पंजीकरण तिथि	30 सितंबर, 2009
कंपनी का नाम	इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर्स एंड सर्विसेज लिमिटेड
कंपनी की श्रेणी/उप-श्रेणी	शेयर द्वारा कंपनी लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क ब्यौरा	प्लॉट सं सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर , साकेत, नई दिल्ली - 110017 दूरभाष 011-29565666
क्या सूचीबद्ध कंपनी है	नहीं
रजिस्ट्रार तथा हस्तांतरण एजेंट, यदि कोई हो, का नाम, पता तथा संपर्क ब्यौरा	लागू नहीं

II. कंपनी का प्रधान व्यावसायिक गतिविधियांः

कंपनी की सभी व्यावसायिक गतिविधियां जो कंपनी के कुल टर्नओवर का 10 प्रतिशत या अधिक का योगदान करती हैं, निम्नानुसार हैंः

क्र.सं.	मुख्य उत्पाद/सेवाओं का नाम तथा विवरण	उत्पाद/सेवाओं का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल टर्नओवर का %
1	भारतीय रेल प्रणाली के प्रयोक्ताओं को सुख सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बहुउद्देशीय परिसरों (एमएफसी) आदि के अवसंरचना के निर्माण के क्षेत्र में नियोजन, अभिकल्पन, विकास, सुधार, कार्य आरंभ, प्रचालन और अनुरक्षण आदि करने हेतु।	45201	22.24%
2	इरकॉन की श्रीलंका और मलेशिया परियोजनाओं के लिए श्रमशक्ति की आपूर्ति का कार्य करने हेतु	-	48.87%
3	इरकॉन की श्रीलंका परियोजना के लिए उसे संयंत्र और मशीनरी पट्टे पर देने का कार्य करने हेतु।	71220	16.96%

III. धारक कंपनी, सहायक कंपनी तथा संबद्ध कंपनियों का विवरण:

क्र.सं.	कंपनी का नाम व पता	सीआईएन/जीएलएन	धारक/सहायक/ संबद्ध कंपनी	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागू अनुच्छेद
1	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड	यू45203डीएल1976जीओआई008171	धारक कंपनी	100%	2(46)

IV. शेयर धारिता पैटर्न:

(कुल इक्विटी के प्रतिशत के रुप में इक्विटी शेयर पूंजी का विवरण)

i) श्रेणीवार शेयर धारित

शेयरधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में धारित शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान प्रतिशत परिवर्तन
	डीमेट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	डीमेट	भौतिक	कुल	कुल शेयरों का प्रतिशत	
क. प्रमोटर									
(1) भारतीय									
क) व्यक्तिगत/एचयूएफ	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) राज्य सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) निकाय निगम	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-
ड.) बैंक / वित्तीय संस्थान		-	-	-	-	-	-	-	-
च) कोई अन्य		-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (क) (1)	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-
(2) विदेशी									
क) एनआरआई - व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) अन्य - व्यक्तिगत									
ग) निकाय निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) बैंक / वित्तीय संस्थान									
ड.) कोई अन्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप कुल (क) (2)	-	शून्य	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	शून्य	-
प्रमोटर की कुल शेयरधारिता (क) = (क)(1)+(क)(2)	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-

ख. जन शेयरधारिता									
(1) संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) म्यूचुवल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक / वित्तीय संस्थान	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) केन्द्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ड.) उपक्रम पूंजी निधि									
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफआईआई			-	-	-	-	-	-	-
ज) विदेशी उपक्रम पूंजी निधियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (विनिर्दिष्ट)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उपकुल (ख)(1):		शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
(2) गैर संस्थागत									
क) निकाय निगम									
i) भारतीय	-	-			-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-			-	-	-	-	-
ख) व्यक्तिगत	-	-			-	-	-	-	-
i) व्यक्तिगत शेयरधारकों द्वारा 1 लाख रुपए तक समान्य शेयर पूंजी का धारण	-	-			-	-	-	-	-
ii) व्यक्तिगत शेयरधारकों द्वारा 1 लाख रुपए से अधिक समान्य शेयर पूंजी का धारण	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) अन्य (विनिर्दिष्ट)	-	-	-	-	-	-		-	-
उप कुल (ख)(2):	-	शून्य	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल जन शेयरधारिता (ख) = (ख)(1) + (ख)(2)	-	शून्य	शून्य	शून्य	-	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग. जीडीआर तथा एडीआर के लिए कस्टोडियन द्वारा धारित शेयर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
सकल योग (क +ख +ग)		4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	4,00,00,000	100%	-

ii) प्रमोटरों की शेयरधारिता

क्र.सं	शेयरधारकों के नाम	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता			वर्ष के अंत में शेयरधारिता			वर्ष के दौरान धारित शेयरों मे प्रतिशत परिवर्तन
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रति गिरवी शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों के प्रति गिरवी शेयरों का प्रतिशत	
1.	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड और इसके 6 नामिति	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	100%	-	100%
	कुल	4,00,00,000	100%	-	4,00,00,000	100%	-	100%

iii) प्रमोटरों की शेयरधारिता में परिवर्तन (कृपया विनिर्दिष्ट करें यदि कोई परिवर्तन नहीं है)

विवरण	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
वर्ष के आरंभ में	वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं			
वर्ष के दौरान प्रमोटरों की शेयर धारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी और इसमें वृद्धि/कमी के कारणों को दर्शाएं (उदाहरण के लिए आवंटन/हस्तांतरण/बोनस /स्वेट इक्विटी आदि):	वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं			
वर्ष के अंत में	वर्ष के दौरान कोई परिवर्तन नहीं			

iv) शीर्ष 10 शेयरधारकों का शेयरधारण पैटर्न (निदेशकों, प्रमोटरों तथा जीडीआर व एडीआर के धारकों से इतर):

प्रत्येक शीर्ष 10 शेयरधारकों हेतु	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
वर्ष के आरंभ में			शून्य	
वर्ष के दौरान प्रमोटरों की शेयर धारिता में तिथिवार वृद्धि/कमी और इसमें वृद्धि/कमी के कारणों को दर्शाएं (उदाहरण के लिए आवंटन/हस्तांतरण/बोनस /स्वेट इक्विटी आदि):				
वर्ष के अंत में (या पृथक होने की तिथि को, यदि वर्ष के दौरान पृथक हुए हैं)				

v) (निदेशकों, प्रमोटरों तथा जीडीआर व एडीआर के धारकों से इतर):

प्रत्येक निदेशक और केएमपी हेतु	वर्ष के आरंभ में शेयरधारिता		वर्ष के दौरान संचित शेयरधारिता	
	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
वर्ष के आरंभ में				
वृद्धि/कमी के कारणों को दर्शाते हुए (उदाहरण के लिए आवंटन/हस्तांतरण/बोनस /स्वेट इक्विटी आदि) वर्ष के दौरान तिथिवार वृद्धि/कमी :		शून्य		
वर्ष के अंत में				

V. ऋणगस्तता:

बकाया/संचित ब्याज सहित कंपनी की ऋणग्रस्तता किन्तु भुगतान के लिए देय नहीं है:

(करोड़ रु)

	जमानत सहित रक्षित ऋण	अरक्षित ऋण	जमानत	कुल ऋणग्रस्तता
वित्त वर्ष के आरंभ में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि	-	48.15		48.15
ii) देय ब्याज किन्तु अप्रदत्त		6.82		6.82
iii) संचित ब्याज किन्तु अप्रदत्त	-	शून्य		शून्य
	-			
कुल (i + ii + iii)	-	54.97	-	54.97
वित्त वर्ष के दौरान ऋणग्रस्तता में परिवर्तन				
- वृद्धि	-	6.50	-	6.50
- कमी	-	23.15		23.15
			-	
निवल परिवर्तन	-	16.65	-	16.65
वित्त वर्ष के अंत में ऋणग्रस्तता				
i) मूल राशि				
ii) देय ब्याज किन्तु अप्रदत्त	-	31.50	-	31.50
iii) संचित ब्याज किन्तु अप्रदत्त	-	5.60	-	5.60
	-	शून्य	-	शून्य
कुल (i + ii + iii)	-	37.1		37.1

VI. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंधन निदेश, पूर्णकालीन निदेशकों और/या प्रबंधक का पारिश्रमिक*:

क्र.सं	पारिश्रमिक का विवरण	एमडी/डब्ल्यूटीडी/प्रबंधक का नाम (2014-15 में वर्षभर)				कुल राशि
1 क) ख) ग)	सकल वेतन आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(1) के अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के अनुसार अनुलब्धियों का मूल्य आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के अनुसार वेतन के अंतर्गत लाभ			लागू नहीं		
2	स्टॉक ऑप्शन					
3	स्वीट इक्विटी					
4	कमिशन - लाभ के प्रतिशत के रुप में - अन्य, उल्लेख करें					
5.	अन्य, उल्लेख करें			लागू नहीं		
	कुल (क)					
	अधिनियम के अनुसार सीमा					

*** इरकॉन आईएसएल में धारक कंपनी के बोर्ड द्वारा नामित 4 अंशकालीन निदेशक हैं; जो कंपनी से किसी प्रकार का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं। अंशकालीन निदेशकों को किसी प्रकार के बैठक शुल्क का भुगतान नहीं किया जताा है।**

ख. अन्य निदेशकों का पारिश्रमिकः

क्र.सं	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों का नाम		कुल राशि
1 क) ख) ग)	स्वतंत्र निदेशक बोर्ड/समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क कमिशन अन्य (कृपया उल्लेख करें)	-	-	-
	कुल (ख1)	-	-	-
2	अन्य गैर कार्यपालक निदेशक	-		-

क) ख) ग)	बोर्ड/समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क कमिशन अन्य (कृपया उल्लेख करें)		लागू नहीं	
	कुल (ख2)	-	-	-
	कुल [ख= ख1 + ख2]	-	-	-
	कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक [क +ख]	-	-	-
	अधिनियम के अनुसार समग्र सीमा	--	-	-

ग. एमडी/प्रबंधक/डब्ल्यूटीडी से इतर प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का परिश्रमिक

क्र.सं	पारिश्रमिक का विवरण	कंपनी सचिव का नाम (केएमपी)			कुल राशि
		सीईओ	कंपनी सचिव	सीएफओ	
1	सकल वेतन				
क)	आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(1) के अंतर्विष्ट प्रावधानों के अनुसार वेतन	28,69,924	3,03,065	9,00,715	
ख)	आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(2) के अनुसार अनुलब्धियों का मूल्य	4,434	शून्य	6,293	
ग)	आयकर अधिनियम, 1961 के अनुच्छेद 17(3) के अनुसार वेतन के अंतर्गत लाभ	6,14,050	शून्य	17,692	
2	स्टॉक ऑप्शन	शून्य	शून्य	शून्य	
3	स्वीट इक्विटी	शून्य	शून्य	शून्य	
4	कमिशन - लाभ के प्रतिशत के रुप में - अन्य, उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	
5.	अन्य, उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	
	कुल (क)	28,74,358	3,03,065	9,07,008	
	अधिनियम के अनुसार सीमा				

VII. जुर्माना /दंड/ अपराधों का आवृत्तिः

प्रकार	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाया गया जुर्माने/दंड/संचयी शुल्क	प्राधिकरण [आरडी / एनसीएलटी/ न्यायालय]	अपील यदि कोइ हो (ब्यौरा दें)
जुर्माना					
दंड					
समझौता			शून्य		
ग. अन्य दोषी अधिकारी					
जुर्माना					
दंड					
समझौता					

निदेशक मंडल के निमित और उनकी ओर से

ह0/-
(हितेशा खन्ना)
अध्यक्ष
(डीआईएन 02789681)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2015

<u>फॉर्म सं. एओसी-2</u>

वित्त वर्ष 2014-15(1 अप्रैल 2014 से 31 मार्च 2015 तक की अवधि के लिए) तीसरे प्रावधान के अंतर्गत कतिपय आर्म-लैंथ संव्यवहारों सहित कंपनी अधिनियम, 2013, के अनुच्छेद 188 (1) में संदर्भित संबंधित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा की गई संविदाओं/व्यवस्थाओं के विवरणों के प्रकटन हेतु फॉर्म.

संविदाओं या संव्यवहारों का ब्यौरा जो आर्म लैंथ आधार पर नहीं हैं : शून्य

संविदाओं या संव्यवहारों का ब्यौरा जो आर्म लैंथ आधार पर हैं :

क्र.सं	संबंधित पक्षों के नाम और संबंध की प्रकृति	संविदाओं/व्यवस्थाओं/संव्यवहारों की प्रकृति	संविदाओं/व्यवस्थाओं/संव्यवहारों की अवधि	मूल्य, यदि कोई हो, सहित संविदाओं/व्यवस्थाओं/संव्यवहारों की प्रमुख विशेषताएं	बोर्ड की स्वीकृति की तिथि, यदि कोई हो	अग्रिम के रुप में भुगतान की गई राशि, यदि कोई हो
1	इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड धारक कंपनी	इरकॉन के निगमित सामाजिक उत्तदायित्व कार्यों का निष्पादन	दिनांक 8 जून 2012 का समझौता ज्ञापन अवधि - जारी	स्कूलों में शौचालयों के निर्माण, सौर प्रकाश आदि से संबंधित सीएसआर कार्य। इरकॉन ने कार्य की वास्तविक लागत जमा ओवरहैड और लाभ के प्रति कार्य संवर्धन के विशिष्ट प्रतिशत पर इरकॉन आईएसएल को कार्य सौंपा था।	लागू नहीं	शून्य
2		इरकॉन आईएसएल के लिए म्यामार में भू-तकनीकी अन्वेषणों के लिए विस्तृत अभिकल्प हेतु कार्य	इरकॉन को दिनांक 20 मार्च 2015 का कार्य प्रदान किए जाने संबंधी पत्र। अवधि - स्थल पर संसाधन जुटाने की तिथि से 6 माह या पुलों के अभिकल्प के लिए सभी संगत ब्यौरे उपलब्ध कराने की तिथि से 3 माह, जो कोई पहले हो।	भू-तकनीकी जांच और पुलों के विस्तृत अभिकल्प सहित स्थल जांच का कार्य। सेवाकर सहित कार्य की लागत 32.02 लाख है।	लागू नहीं	शून्य
3		इरकॉन को प्रतिपूर्तियां	लागू नहीं	इरकॉन के कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर इरकॉन आईएसएल में तैनात किया गया है। कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति वास्तविक लागत आधार पर है। सम्पूर्ण वास्तविक लागत की प्रतिपूर्ति इरकॉन को की गई है। इसके अतिरिक्त, विज्ञापन लागत आदि जैसे विविध व्ययों की प्रतिपूर्ति भी इरकॉन को वास्तविक आधार पर की गई है।	लागू नहीं	शून्य
4		इरकॉन आईएसएल के लिए बहुउ‍ंशीय परिसरों का निर्माण	तिथिः 03.06.2010 अवधिः उपलब्ध नहां ह।	रेलवे परिसरों में बहुउ‍ंशीय परिसरों के अभिकल्प और निर्माण से संबंधित कार्य [वर्ष 2014-15 में निष्पादित निर्माण कार्य हेतु] मूल्यः 109.03 लाख रुपए। संव्यवहार की प्रमुख विशेषताएंः 1.बहुउ‍ंशीय परिसर स्टेशनों का व्यवहार्यता अध्ययन करना। 2. प्रत्येक चिह्नित स्टेशनों पर बहुउ‍ंशीय परिसरों का निर्माण।	लागू नहीं	शून्य
5		इरकॉन को संयंत्र और मशीनरी पट्टे पर देना	31.03.2014 को करार पर हस्ताक्षर किए गए अवधि : श्रीलंका में मशीन आरंभ होने यथा. 22.11.2013 से 12 माह।	एक ड्युमेटिक ऑनलाइन ट्रैक टैंपिंग मशीन को पट्टे पर देना के लिए इरकॉन श्रीलंका पट्टा परियोजना। मूल्यः616.99 लाख रुपए (वर्ष 2014-15 में निष्पादित) पट्टा करार की प्रमुश विशेषताएंः क. इरकॉन/श्रीलंका को एक ड्युमेटिक टैंपिंग मशन का प्रावधान ख. इरकॉन/श्रीलंका द्वारा उपलब्ध कराया गया ईंधन, स्नेहक तेल, हॉइड्रालिक तेल आदि। ग. कलपुर्जों सहित मशीन का अनुरक्षण जिसे इरकॉन द्वारा किया जाना है।	लागू नहीं	शून्य
6		इरकॉन को श्रमशक्ति की आपूर्ति	क) 21.09.2012 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए ख) 26.12.2012 को करार पर हस्ताक्षर हुए अवधि : हस्ताक्षर करने की तारीख से 2 वर्ष अन्य पक्ष द्वारा 30 दिना का नोटिस देकर समाप्त किया जा सकता है। अन्यथा प्रति दो वर्ष म नए सिरे से किया जाएगा।	इरकॉन आईएसएल को श्रीलंका में इरकॉन की परियोजना के लिए विभिन्न तकनीकी श्रमशक्ति उपलब्ध कराना। वर्ष 2014-15 के दौरान, कुल राजस्व 1315.08 लाख है।	लागू नहीं	शून्य
			01.04.2013 को करार पर हस्ताक्षर किए गए अवधिः हस्ताक्षर की तिथि से 2 वर्ष	इरकॉन आईएसएल को मलेशिया में इरकॉन की परियोजना के लिए विभिन्न तकनीकी श्रमशक्ति उपलब्ध कराना। वर्ष 2014-15 के दौरान, कुल राजस्व 463.14 लाख है।	लागू नहीं	शून्य

नोट : उपर्युक्त सभी संव्यवहारों को इरकॉन आईएसएल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

निदेशक मंडल के निमित और उनकी ओर से

ह/-

(हितेश खन्ना)
अध्यक्ष
(डीआईएन : 02789681)

दिनांक : 28.08.2015
स्थान : नई दिल्ली

अनुबंध ग

प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

विहंगावलोकन

इरकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसिज लिमिटेड (इरकॉन आईएलएस) रेल मंत्रालय के अधीन इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (इरकॉन) अनुसूची 'क', मिनी रत्न - श्रेणी-I की कंपनी है की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के रुप में 30 सितंबर 2009 को निगमित हुई थी जो कि भारतीय रेल प्रणाली के प्रयोक्ताओं को सुविधाएं व सहूलतें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय रेल की भूमि पर बहु-उद्देशीय परिसरों (एमएफसी) के नियोजन, अभिकल्प, विकास, प्रचालन तथा अनुरक्षण के लिए आरएलडीए के साथ धारक कंपनी द्वारा समझौता ज्ञापन का परिणाम है। 23 स्टेशनों पर निर्माण (वॉर्म शैल) का भौतिक कार्य किया गया था। कंपनी ने 17 बहुउद्देशीय परिसरों को सफलतापूर्वक तीसरे पक्षों को उप पट्टे पर दे दिया है।

उपर्युक्त उद्देश्य कंपनी के भावी विकास के लिए सीमित थे और इसलिए, कंपनी ने विभिन्न अन्य क्षेत्रों में अपने व्यवसाय को फैलाया और इस प्रकार इसके उद्देश्यों में संशोधन हुआ।

व्यवसाय वातावरण

वर्ष 2012-13 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर स्थिर (2011-12) बाजार मूल्यों पर 5.1 प्रतिशत थी, को वर्ष 2013-14 में बढकर 6.9% हो गई है और वर्ष 2014-15 में (पूर्वानुमानों के अनुसार) इसमें 7.4 तक वृद्धि होने की संभावना है। केन्द्रीय सांख्यकीय कार्यालय द्वारा पद्धिति में परिवर्तन किए जाने से भी सकल तथा विभिन्न क्षेत्रीय स्तरों पर सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) की अवधारणा भी आरंभ की गई है।

आर्थिक सर्वेक्षण बताते हैं कि ऐसी विकास दर की संभावना पहले से किए गए अनेक सुधार कार्यों और भविष्य में नियोजित सुधार कार्यों के कारण है। सर्वेक्षण में अनेक सुधार उपाय बताए गए हैं जैसे डीजल के मूल्य का डी-रेगुलेशन, ऊर्जा उत्पादों के लिए कर निर्धारण, रसोई गैस सब्सिडी को राष्ट्रीय स्तर पर सीधे हस्तांतरित करना, बोलियों के माध्यम से कोयला क्षेत्र में सुधार के लिए अध्यादेश, रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा में वृद्धि आदि।

कंपनी निम्नलिखित क्षेत्रों में अवसरों की तलाश कर रही हैः

- भारत सरकार की परियोजनाओं के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्टें तैयार करना।
- विभिन्न निजी/सरकारी एजेंसियों के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श (पी.एम.सी)।
- निर्माण-प्रचालन-हस्तांतरण(बीओटी) आधार पर रियल इस्टेट परियोजनाएं।
- परियोजनाओं के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन तथा पर्यावरण प्रबंधन योजना अध्ययन।
- *स्वच्छ भारत अभियान* के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों की निगमित सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर) परियोजनाएं।

दृष्टिकोण

वर्ष 2015-16 के लिए कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कंपनी का विजन/मिशन तथा उद्देश्य निम्नानुसार हैः-

<u>विजन/मिशन</u>

विशिष्टता प्राप्त अवसंरचना विकासकर्ता के रुप में पहचान बनाना तथा पर्यावरण, गुणवत्ता व सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए अवसंरचना परियोजनाओं के सभी क्षेत्रों के लिए विख्यात सेवाप्रदाता के रुप में स्वयं को स्थापित करना ।

<u>उद्देश्य</u>

i) वित्त वर्ष 2020-21 के अंत तक 10 करोड़ रुपए के प्रचालनिक लाभ सहित 100 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त करना।
ii) भारत तथा विदेश में अवसंरचना प्रबंधन परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराना।

वित्तीय निष्पादन

कंपनी ने वर्ष 2014-15 के दौरान 36.39 करोड़ रुपए का प्रचालनिक राजस्व रिकार्ड किया है। वर्ष के दौरान करपूर्व लाभ 20.29 करोड़ रुपए है और कर पश्चात लाभ 10.93 करोड़ रुपए है। 31 मार्च 2015 को आपकी कंपनी की पूंजीगत कार्य प्रगति 0.90 करोड़ रुपए हो गया है।

प्रचालनिक निष्पादन

इरकॉन आईएसएल ने 19 बहुउद्देशीय परिसरों को सफलतापूर्वक उप-पट्टे पर दे दिया है। वर्ष 2014-15 के दौरान, आपकी कंपनी ने 12 बहुउद्देशीय परिसरों यथा रामपुरहाट, राजगीर, जयपुर, जम्मू, उदयपुर, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, जोधपुर, हरिद्वार, मदुरै तथा तिरुवल्ला को उप-पट्टे पर दे दिया है। वर्ष की समाप्ति के पश्चात, 11 बहुउद्देशीय परिसरो को प्रचालनिक किया गया है जिनमे होटलों सहित 6 बहुउद्देशीय परिसर भी शामिल है, जिनके नाम हैं हरिद्धार, ग्वालियर, उदयपुर, रायपुर, कन्नूर, हुबली, और दुकानों व फूड प्लाजा वाली यात्री सुविधाओं वाले 5 बहुउद्देशीय परिसर यथा बर्धमान, हैदराबार, रामपुरहाट, बिलासपुर और थिरुवल्ला शामिल हैं।

आपकी कंपनी ने म्यामार में कलादन बहु-मॉडल ट्रांजिट परियोजना के पलेटवा से भारत म्यामार सीमा तक सड़क भाग का डीपीआर तैयार करने हेतु विदेश मंत्रालय के लिए परामर्श का कार्य निष्पादित किया है। विदेश मंत्रालय ने 24.07.2014 को रिह से तिड्डिम तक एकल लेन कैरेजवे चौडाई वाले 2 लेन फार्नेशन की 60 किमी लंबी मौजूदा बैलगाडी मार्ग के स्तरोन्नयन के लिए डीपीआर को तैयार करने हेतु परामर्श सेवाओं का कार्य भी प्रदान किया था और इस संबंध में दिनांक 30.07.2014 को करार पर हस्ताक्षर किए गए थे। दिनांक 01.12.2014 को विदेश मंत्रालय को आरंभिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।

आपकी कंपनी ने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपकमों के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कार्य किया है। इरकॉन आईएसएल ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 26.11.2014 को पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत

सरकारी स्कूलों में शौचालय ब्लॉकों के निर्माण के लिए दिनांक 13.01.2015 को अक्षय उर्जा विकास एजेसी लिमिटेड के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

आपकी कंपनी श्रीलंका और मलेशिया में इरकॉन की परियोजन हेतु "श्रमशक्ति आपूर्ति" का कार्य तथा इरकॉन की श्रीलंका परियोजना के लिए "मशीनरी को पट्टे पर देने" का कार्य भी कर रही है।

क्षेत्रीय निष्पादन

वर्ष 2014-15 के दौरान राजस्व के चार क्षेत्र हैं यथा परामर्श, श्रमशक्ति की आपूर्ति, बहुउ÷शीय परिसरों को उप-पट्टे पर देना तथा संयंत्र और मशीनरी को पट्टे पर देना। प्रचालनिक आय में श्रमशक्ति आपूर्ति का अंशदान प्रमुख है यथा वर्ष 2014-15 के लिए कुल प्रचालनिक आय का 48.87% है। नीचे प्रस्तुत तालिका विभिन्न क्षेत्रों से आय के भाग और कुल आय में इसके प्रतिशत अंशदान को दर्शाती है।

(रुपए करोड़ में)

सेक्टर	2012-13		2013-14		2014-15	
	प्रचालनिक आय	%	प्रचालनिक आय	%	प्रचालनिक आय	%
परामर्श	2.57	20.43	0.14	0.45	2.98	8.19
श्रमशक्ति की आपूर्ति	3.48	27.66	26.78	86.16	17.78	48.87
एमएफसी को उप पट्टे पर देना	-	-	0.49	1.58	8.09	22.24
संयंत्र और मशीनरी को पट्टे पर देना	-	-	2.12	6.82	6.17	16.96
अन्य *	6.53	51.91	1.55	4.99	1.36	3.74
कुल	12.58		31.08		36.38	

*इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (धारक कंपनी) की विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के निष्पादन से आय शामिल है।

सेगमेंट-वार निष्पादन

वर्ष 2014-15 के दौरान कुल प्रचालनिक आय में विदेशी परियोजनाओं का अंशदान 65.81% है तथा कुल प्रचालनिक आय में घरेलू परियोजनाओं का अंशदान 34.19% है।

(रुपए करोड़ में)

सेक्टर	2012-13		2013-14		2014-15	
	कुल आय	%	कुल आय	%	कुल आय	%
विदेशी	3.48	27.66	28.91	93.02	23.95	65.81
घरेलू	9.10	72.34	2.17	6.98	12.44	34.19
कुल	12.58		31.08		36.39	

शक्तियाँ

आपकी कंपनी की सबसे बड़ी शक्ति है कि यह निर्माण के क्षेत्र में व्यापक प्रतिष्ठा प्राप्त इरकॉन की एक पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है। कंपनी विभिन्न कार्यों को पूरा करने के लिए धारक कंपनी के अनुभव का लाभ प्राप्त कर सकती है।

जोखिम और चिन्ता

प्रगतिरत रुप से बहुउद्देशीय परिसरों के निर्माण का कार्य पूरा होने से, इन बहुउद्देशीय परिसरों को पट्टे पर देने का कार्य आरम्भ किया गया है जो कि अत्यंत क्षेत्र विशिष्ट और बाजार आधारित है। हालांकि, एक स्वतंत्र प्रतिष्ठित परामर्शदाता द्वारा बाजार संभाव्यता का गहन अध्ययन किया गया है किन्तु राजस्व एकत्रण का जोखिम अभी भी विद्यमान है।

आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

आपकी कंपनी ने वर्ष 2014-15 के लिए आंतरिक लेखापरीक्षक के रुप में मैसर्स के.के.गोयल एंड एसोसिएट्स को नियुक्त किया है। आंतरिक लेखापरीक्षकों ने आंतरिक प्रणालियों की पर्याप्तता की जांच करने तथा निरंतर सुधारों के उपाय सुझाने के लिए दो चरणों में कंपनी की लेखापरीक्षाएं की हैं। कंपनी की लेखापरीक्षा समिति द्वारा आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों की समीक्षा की गई है।

मानव संसाधन

इरकॉन आईएसएल के कर्मचारियों में उन कार्मिकों का संयोजन है जिन्हें कंपनी द्वारा नियुक्त किया गया है और जिन्हें निगमित कार्यालय में और इरकॉन की श्रीलंका और मलेशिया परियोजनाओं में ठेके पर तैनात किया गया है वे और जिन कर्मचारियों को इरकॉन से सेकेंडमेंट आधार पर शामिल किया गया है। दीर्घकालीन विकास परिदृश्य को देखते हुए, आपकी कंपनी अपने स्वयं के संवर्ग विकास के माध्यम से प्रमुख श्रमशक्ति संसाधनों में संवर्धन करने की योजना बना रही है।

निदेशक मंडल के निमित्त और उनकी ओर से

ह0/-
(हितेश खन्ना)
अध्यक्ष
(डीआईएन 02789681)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2015

अनुबंध - 'ख'

कॉर्पोरेट शासन पर रिपोर्ट

1. कंपनी का दर्शन

निगमित शासन कंपनी के व्यवसाय के नैतिक आचरण के लिए प्रणालियों तथा पद्धतियों की एक व्यवस्था है। यह अपने स्टेकधारकों की आकांशाओं को पूरा करने के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता, समानता और मूल्यों की प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करता है। कंपनी का यह निरंतर प्रयास है कि व्यावसायिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में नैतिकता के उच्चतम मानकों को अपनाया जाए तथा उन्हें बनाया रखा जाए।

2. शासन संरचना

कंपनी का प्रबंधन निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है जो कार्यप्रणाली और नीतियों का निर्धारण करता है और आवधिक रुप से कार्यनिष्पादन की समीक्षा करता है।

कंपनी के निष्पादन की समीक्षा धारक कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा भी की जाती है। मंडल बैठकों के कार्यवृत्त तथा कंपनी द्वारा किए गए सभी महत्वपूर्ण संव्यवहारों और व्यवस्थाओं के विवरण तथा अलेखापरीक्षित तिमाही परिणामों को धारक कंपनी की लेखापरीक्षा समिति बोर्ड मीटिंग के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

इरकॉन आईएसएल के बोर्ड में चार अंशकालीन निदेशकों के अतिरिक्त, धारक कंपनी ने कंपनी के दिन-प्रति-दिन के कार्यों के प्रबंधन के लिए बोर्ड स्तर से नीचे के एक मुख्य कार्यपालक अधिकारी को नामित किया है।

3. निदेशक मंडल

3.1 निदेशक मंडल की संरचना

कंपनी के संगम अनुच्छेद (ए.ओ.ए)(अनुच्छेद 48) के अनुसार, निदेशकों की संख्या 3 से कम तथा 12 से अधिक नहीं होनी चाहिए। ए.ओ.ए (अनुच्छेद 49) के अनुसार, धारक कंपनी अध्यक्ष तथा सभी निदेशकों की नियुक्ति करती है।

निदेशक मंडल के सदस्यों की वर्तमान संख्या चार है जिसमें धारक कंपनी इरकॉन द्वारा नामित अंशकालीन निदेशकों सहित अंशकालीन अध्यक्ष शामिल हैं।

3.2 इस रिपोर्ट की तारीख को निदेशकों का ब्यौरा निम्नानुसार है :

निदेशक मंडल

(इस रिपोर्ट की तारीख तक)

निदेशक	पूर्णकालिक/ अंशकालिक	सार्वजनिक कंपनियों में बोर्ड के सदस्य (इरकॉन आईएसएल को छोड़ कर)	समिति सदस्यता की कुल संख्या (इसमें इरकॉन आईएसएल शामिल है)	
			अध्यक्ष के रूप में	अध्यक्ष के अतिरिक्त सदस्य के रूप में
श्री हितेश खन्ना (डीआईएन 02789681)	अंशकालीन अध्यक्ष	1 [इरकॉन]	शून्य	1
श्री अनिल जैन (डीआईएन 05283217)	अंशकालीन निदेशक	2 [इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन एसजीटीएल]	1	2
श्री सुरजीत दत्ता (डीआईएन 06687032)	अंशकालीन निदेशक	शून्य	1	2
श्री ए.के.गोयल (डीआईएन 05308809)	अंशकालीन निदेशक	2 [इरकॉन पीबीटीएल, इरकॉन एसजीटीएल]	1	2

नोटः

1. निदेशकों की संख्या अधिकतम सीमा के भीतर हैः
   - कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आने वाली कंपनियों के लिए 20 (जिनमें से सार्वजनिक कंपनियों के लिए अधिकतम 10)।
2. निदेशक एक दूसरे से संबंधित नहीं हैं।
3. निदेशकों का कंपनी के साथ किसी प्रकार का अंतर- संबंध या संव्यवहार नहीं है।
4. निदेशक पद/समिति की सदस्यता निदेशकों से प्राप्त अद्यतन प्रकटनों के आधार पर है।

5. समिति सदस्यता के लिए सभी सार्वजनिक निजी कंपनियों की सीएसआर एवं धारणीय विकास समिति, लेखापरीक्षा समिति तथा शेयरधारक/निवेशक शिकायत निवारण समिति के सदस्यों पर ही विचार किया गया है।
6. निदेशकों की समिति सदस्यता संख्या डीपीई निगमित शासन दिशानिर्देश, 2010 (डीपीई सीजी दिशानिर्देश) के अंतर्गत पांच अध्यक्षों की अनुमत सीमा सहित 10 की अधिकतम सीमा के भीतर है। उक्त सीमा के लिए केवल लेखापरीक्षा समिति तथा शेयरधारक/निवेशक शिकायत समिति को ही गिना जाएगा।
7. कंपनियों के पूरे नाम हैं:
   क. इरकॉन - इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
   ख. आईपीबीटीएल - इरकॉन पीबी टॉलीवे लिमिटेड
   ग. आईएसजीटीएल - इरकॉन शिवपुरी गूना टॉलीवे लिमिटेड
   घ. आईएसटीपीएल - इरकॉन-सोमा टॉलीवे प्राइवेट लिमिटेड

3. निदेशकों के संबंध में प्रकटन :

कंपनी (निदेशक की बैठकें व उनकी शक्तियां) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 184 के अनुसार निदेशकों द्वारा किए गए प्रकटन के अनुसार निदेशकों का आपस में कोई संबंध नहीं है। संगम अनुच्छेदों के अनुच्छेद 49 के अनुसार धारक कंपनी द्वारा कंपनी के निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन किया जाता है।

4. निदेशकों का पारिश्रमिक

धारक कंपनी द्वारा बोर्ड में नामित अंशकालीन निदेशक कंपनी से किसी प्रकार का पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं।
अंशकालीन निदेशकों को किसी प्रकार का बैठक शुल्क प्रदान नहीं किया जाता है।

5. वर्ष 2014-15 के दौरान निदेशक मंडल की बैठकें और उनमें उपस्थिति

वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान निदेशक मंडल ने 27 जून 2014, 28 जुलाई 2014, 21 अक्टूबर 2014, 20 जनवरी, 2015, 20 फरवरी 2015 और 27 मार्च 2015 को छह बैठकों में भाग लिया।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 167(1)(ख) के अनुसार अनुस्थिति की अनुमति प्रदान की गई है।

वर्ष 2014-15 के दौरान निदेशकों और कंपनी सचिव की उपस्थिति के विवरण निम्न प्रकार हैं :-

निदेशक	2014-15 में मंडल की बैठकों की संख्या		अंतिम वार्षिक आम बैठक में भाग लिया
	(उनके कार्यकाल के दौरान)	उपस्थितियां	
हितेश खन्ना	6	6	हां
अनिल जैन	6	6	हां
सुरजीत दत्ता	6	5	हां
ए.के.गोयल	6	5	हां
दीपशिखा गुप्ता	6	5	लागू नहीं

सुश्री दीपशिखा गुप्ता, कंपनी सचिव ने वर्ष 2014-15 के दौरान आयोजित छह बोर्ड बैठकों में से पांच में भाग लिया । दिनांक 20 फरवरी 2015 को अवकाश पर होने के कारण वे बोर्ड बैठक में भाग नहीं ले पाईं।

6 निदेशक मंडल की समितियां

6.1 लेखापरीक्षा समिति

6.1.1 संदर्भ शर्तें

वित्त वर्ष 2012-13 के दौरान कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी 4.90 करोड़ रुपए से बढ़कर 40 करोड़ रुपए (28.03.2013 से) हो गई है, जो 100% इरकॉन द्वारा धारित है। इसके परिणामस्वरुप, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292क के अनुपालन में, निदेशक मंडल ने 5 जुलाई 2013 को आयोजित अपनी बैठक में लेखापरीक्षा समिति का गठन किया है। कार्पोरेट शासन पर डीपीई के दिशानिर्देशों

के अध्याय-4, पैरा 4.2 से पैरा 4.5 में निर्धारित अनुसार लेखापरीक्षा समिति की संदर्भ शर्तों को निदेशक मंडल द्वारा अपनाया गया था। संक्षेप में इनमें शामिल हैं:

1. कम्पनी की वित्तीय सूचना की प्रक्रिया और प्रकटन का पर्यवेक्षण करके लेखों की परिशुद्धता, पर्याप्तता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित करना है।

2. निदेशक मंडल द्वारा वार्षिक वित्तीय विवरण को स्वीकृति दिए जाने से पूर्व प्रबंधन के साथ समीक्षा करना। विशेष रूप से-

क)कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217 के खंड (2कक) की शर्तों के अनुसार निदेशक के उत्तरदायित्व विवरण में शामिल किए जाने वाली अपेक्षित सामग्री को निदेशक की रिपोर्ट में भी शामिल किया जाएगा।

ख) लेखांकन नीतियों तथा पद्धतियों में परिवर्तन, यदि कोई हो व इसके कारण।

ग) प्रबंधन द्वारा विवेक के प्रयोग के आधार पर अनुमानों वाली प्रमुख लेखांकन प्रविष्टियां।

घ) लेखापरीक्षा निष्कर्षों से उत्पन्न वित्तीय विवरणों में किए गए महत्वपूर्ण समायोजन।

ड.) वित्तीय विवरणों से संबंधित कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन।

च) किसी संबंधित पक्षों के संव्यवहार का प्रकटन ।

छ) मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में योग्यता आदि।

3) निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत किए जाने से पूर्व तिमाही वित्तीय विवरणों की प्रबंधन के साथ समीक्षा।

4) प्रचालनों की वित्तीय स्थिति तथा परिणामों पर प्रबंधन द्वारा चर्चा व विश्लेषण।

5) आंतरिक लेखापरीक्षकों के कार्यनिष्पादन और आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की पर्याप्तता पर प्रबंधन के साथ समीक्षा करना।

6) महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान व उन पर अनुवर्ती कार्रवाई हेतु दोनों लेखा परीक्षकों - आंतरिक एवं सांविधिक लेखापरीक्षक के साथ चर्चा।

7) आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग, स्टाफिंग तथा विभागों के कार्यालय प्रमुखों की वरियता, रिपोर्टिंग ढांचा, कवरेज तथा आंतरिक लेखापरीक्षा की आवृत्ति सहित आंतरिक लेखापरीक्षा कार्य, यदि कोई हो, की पर्याप्ता की समीक्षा करना।

8) लेखापरीक्षा शुल्कों के निर्धारण के लिए बोर्ड को सिफारिश करना।

9) आंतरिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति, पुनःनियुक्ति, पारिश्रमिक तथा निलंबन आदि की समीक्षा करना।

10) मुख्य कार्यपालक/वित्त प्रमुख द्वारा वित्तीय विवरणों के प्रमाणन/घोषणा की समीक्षा करना।

6.1.2 लेखापरीक्षा समिति- संरचना और उपस्थिति

